फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत राजेन्द्र कुमार, आर.ए.एस. **उप खण्ड अधिकारी** मुकाम **सूरजगढ़**

विजय कुमार शर्मा बनाम राज0 सरकार जरिये तहसीलदार

प्रार्थना पत्र अ0धा0 136 एल.आर.एक्ट मुकदमा न0 ...30.... / 2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16-1-23	यह प्रार्थना पत्र तहसीलदार सूरजगढ़ से बाद जांच रिपोर्ट प्राप्त हुआ है। दर्ज रजिस्टर किया जावे। तहसीलदार सूरजगढ़ की जांच रिपोर्ट के मुताबिक राजस्व ग्राम कुम्हारों का बास की वर्तमान जमाबंदी सम्वत 2074—77 के खसरा संख्या 479 रकबा 2.65 है0 में प्रार्थी विनय कुमार पुत्र हरीराम के नाम दर्ज रिकार्ड है। प्रार्थना पत्र में संलग्न दस्तावेज आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं लोगो से पूछताछ करने के आधार पर तथा हल्का पटवारी की रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी विनय कुमार व विजय कुमार शर्मा एक ही व्यक्ति है। अतः तहसीलदार की जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी का सही नाम राजस्व ग्राम कुम्हारों का बास की वर्तमान जमाबंदी सम्वत 2074—77 के खसरा संख्या 479 रकबा 2.65 है0 में प्रार्थी विनय कुमार पुत्र हरीराम के स्थान पर विजय कुमार शर्मा पुत्र हरीराम शर्मा दुरूस्त किये जाने की स्वीकृति दी जाती हैं। तहसीलदार सूरजगढ़ उक्तानुसार राजस्व रिकॉर्ड में नाम दुरूस्ती की कार्यवाही करें। तहसीलदार को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार व नम्बर से कम होकर बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर है। उपखण्ड अधिकारी, सूरजगढ़	